# राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

ब्लॉक–5, द्वितीय एवं तृतीय तल
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
फोनः– 2705937, 2706069 ईमेल – rddrei@gmail.com

क्रमांकः राप्राशिप / जय / शोध / NAS / 2017 / 6169 दिनांक 30/8/17

**अति.आवश्यक**

1. जिला शिक्षा अधिकारी प्राशि एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
2. प्राचार्य, डाइट समस्त जिले।
3. अति. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, समस्त जिले।

विषय : National Achievement Survey 2017 हेतु प्रारम्भिक कार्यवाही करने के विषय में।
संदर्भ : शासन सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक 2920 दिनांक 19.06.2017 (संलग्न)

महोदय

उपरोक्त विषय में संदर्भित पत्र के अनुक्रम में लेख है कि National Achievement Survey 2017 कक्षा 3, 5 एवं 8 का नवम्बर 2017 में आयोजित किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा संदर्भित पत्र के अनुसार NAS हेतु निदेशक एसआईईआरटी को राज्य समन्वयक और प्रधानाचार्य डाइट को जिला समन्वयक नामित किया गया है। NAS के संदर्भ में विभिन्न कार्य जिला स्तर पर डाइट के समन्वयन में एवं राज्य स्तर पर एसआईईआरटी के समन्वयन में किये जा रहे हैं।

डीईईओ (डीपीसी SSA), एडीपीसी SSA एवं बीईईओ के स्तर पर निम्नानुसार कार्यवाही तत्काल कराया जाना सुनिश्चित करें –

1. एसआईईआरटी द्वारा सैम्पल विद्यालयों की सूची एवं NAS की गाइड लाइन सभी डाइट प्राचार्यों को भेज दी गई है। गाइड लाइन एवं एसआईईआरटी के निर्देशानुसार सैम्पल विद्यालयों का Verification ब्लॉक अनुसार कराया जाना है। Verification का कार्य बीईईओ के स्तर पर होगा।
2. NAS हेतु प्रत्येक जिले में लगभग 180 FI (फील्ड इंवेस्टीगेटर) की आवश्यकता होगी जो जिले में कार्यरत अध्यापकों में से चयन किये जायेंगे। अतः डीईईओ के स्तर पर FI हेतु ब्लॉकवार 200 अध्यापकों को चिन्हित किया जाना है।
3. NAS हेतु प्रत्येक जिले में लगभग 35 ऑब्जर्वर नामित किये जायेंगे। जो एपीसी / बीईईओ / एबीईईओ / शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी / पीईईओ आदि होंगे। अतः एडीपीसी के स्तर पर ब्लॉकवार ऑब्जरवर की सूची मोबाइल नम्बर सहित तैयार करावें।
4. NAS डाटा अपलोडिग का कार्य (डाइट के स्तर पर) पूर्व निर्धारित गोपनीय कक्ष में किया जायेगा। जिसका प्रभारी एसएसए का District MIS होगा। MIS का प्रशिक्षण सितम्बर में एनसीईआरटी द्वारा कराया जायेगा तथा FI और आर्ब्जवर का प्रशिक्षण डाइट स्तर पर होगा।

उक्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है कि आप जिला स्तर पर सभी बीईईओ की बैठक बुलाकर NAS की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुये निम्न कार्य तत्काल किया / करवाया जाना सुनिश्चित करें –

www.rajteachers.com

1. सैम्पल विद्यालयों का Verification करवाकर फाइनल सूची डाइट को उपलब्ध करायें। डाइट द्वारा यह फाइनल सूची एसआईईआरटी को प्रेषित की जावें।
2. ब्लॉकवार FI के नाम, पदस्थापन एवं मोबाइल नम्बर की सूची डाइट को उपलब्ध करायें। डाइट द्वारा (गाइड लाइन के अनुसार) विद्यालयवार FI नियुक्त किये जायेंगे।
3. ऑर्ब्जवर की सूची नाम, पते, मोबाइल नम्बर सहित तत्काल एडीपीसी स्तर पर तैयार की जावे। डीपीसी/एडीपीसी स्तर पर डाइट के सहयोग से ऑर्ब्जवर नामित किये जायेंगे।
4. FI और ऑर्ब्जवर का प्रशिक्षण डाइट स्तर पर तथा जिला समन्वयक एवं सहायक समन्वयक व District MIS का प्रशिक्षण एनसीईआरटी दिल्ली के स्तर पर किया जायेगा। अतः सम्बन्धित को पूर्व सूचना देकर रखें।
5. शासन सचिव महोदय के संदर्भित पत्र (संलग्न) का अवलोकन कर लें। अतः सभी बीईईओ/पीईईओ को शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि हेतु प्रयास करने के लिये निर्देश जारी करें ताकि NAS 2017 में राज्य के विद्यार्थियों का लर्निंग लेवल अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर हो सकें।
6. जिला शिक्षा अधिकारी प्राशि, अति. जि.प.स. एवं डाइट प्राचार्य NAS के कार्यों के संदर्भ में आपसी समन्वयन बनाये रखते हुये गाइड लाइन के अनुसार पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर लें।

NAS का यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के निर्देशानुसार अति महत्वपूर्ण है। डाइट प्राचार्य को इस कार्य हेतु जिला समन्वयक नामित किया गया है। जिशिअ (प्राशि), अति.जि.प.स. (एसएसए) एवं डाइट प्राचार्यों को NAS की गाइड लाइन ईमेल से प्रेषित कर दी गई है। NAS के संदर्भ में किसी भी स्तर पर दायित्वहीनता की स्थिति से उच्च अधिकारियों को सूचित किया जायेगा। NAS संबंधी स्पष्टता हेतु निम्न अधिकारियों से संपर्क कर सकते है –

1. **सुश्री नीलिमा शर्मा, एसआईईआरटी, उदयपुर – 9413317619**
2. **डॉ. सुभाष कौशिक, राप्राशिप, जयपुर – 9414869878**

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(डॉ. प्रिया बलराम शर्मा)
उपायुक्त (शोध) एवं
सचिव Steering Committee NAS

क्रमांक– राराशैअप्रसं–उदय/वि.7/फा–6003/NAS/2017/ 6170 दि० – 30/8/17
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–
1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप जयपुर/अध्यक्ष स्टेयरिंग कमेटी NAS।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, निदेशालय बीकानेर।
4. प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, निदेशालय बीकानेर।
5. निदेशक, एसआईईआरटी, उदयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त (शोध)

www.rajteachers.com

## राजस्थान सरकार
## प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग

क्रमांक : 2920 दिनांक : 19/8/17

निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान बीकानेर।

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
राजस्थान बीकानेर।

विषय : शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि हेतु सत्रारम्भ से ही प्रयास किये जाने बाबत्।
संदर्भ : सितम्बर 2017 में आयोजित National Achievement Survey

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार एनसीईआरटी द्वारा सभी राज्यों में कक्षा III, V, VIII के विद्यार्थियों का सितम्बर 2017 में National Achievement Survey (NAS Cycle 5) आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। NAS के परिणामों के आधार पर सभी राज्यों की शिक्षा रैंकिंग तय की जायेगी।

NAS के आयोजन हेतु एसआईईआरटी उदयपुर नोड्ल एजेंसी रहेगी राज्य एवं जिला समन्वयक निम्नानुसार नामित किये गये हैं –

1. निदेशक एसआईईआरटी, उदयपुर – राज्य समन्वयक
2. उपनिदेशक, (शैक्षिक शोध) एसआईईआरटी, उदयपुर – सहायक राज्य समन्वयक
3. प्राचार्य, डाइट – जिला समन्वयक
4. प्रभारी, शैक्षिक शोध विभाग, डाइट – सहायक जिला समन्वयक

राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद् द्वारा NAS के संदर्भ में स्टेयरिंग कमेटी के माध्यम से समन्वयन करते हुये एसआईईआरटी को बजट जारी किया जायेगा। NAS 2017-18 में विद्यार्थियों का परीक्षण निम्नानुसार किया जायेगा –

| | कक्षा 3 से 5 | कक्षा 6 से 8 |
|---|---|---|
| विषय | भाषा, गणित, पर्यावरण अध्ययन | भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान |
| टैस्ट | एक बुकलैट में 45 प्रश्न होंगे 15 प्रश्न प्रति विषय (भाषा में पढ़ने की दक्षता देखी जायेगी) | एक बुकलैट में 60 प्रश्न होंगे 15 प्रश्न प्रति विषय (भाषा में पढ़ने की दक्षता देखी जायेगी) |
| अवधि | 90 मिनट | 120 मिनट |

आप अपने अधीनस्थ सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों, पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करें कि वे सत्र आरम्भ से ही शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि हेतु कार्य योजना बनाकर प्रयास करें ताकि National Achievement Survey 2017 में राज्य के विद्यार्थियों का लर्निंग लेवल अन्य राज्यों की अपेक्षा बेहतर हो सके। इस विषय में अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक कर शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी करें।

स्मरण रहे कि NAS 2017 में जिले का लर्निंग लेवल औसत से कम रहने की स्थिति में सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

(नरेश पाल गंगवार)
शासन सचिव

www.rajteachers.com